हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 30 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री


खेल जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक : जांगड़े

4




## खबर संक्षेप

### बीईओ ने किया ओपन परीक्षा का निरीक्षण

**चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट ओपन स्कूल परीक्षा का गुरुवार को बीईओ रत्ना की उड़नदस्ता टीम ने आकस्मिक निरीक्षण किया। हायर सेकेंडरी में 12वीं का गणित एवं 10वी के सामाजिक विज्ञान का पेपर था। बीईओ एवं उनकी टीम ने 5 कमरों में आयोजित परीक्षा का निरीक्षण किया। परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित पाया गया। नकल के एक भी प्रकरण नही पाए गए । बीईओ ने केंद्राध्यक्ष को बोर्ड के नियमों के अनुरूप परीक्षा संचालित करने के निर्देश दिए। परीक्षा के दौरान छात्र छात्राओं को कोई परेशानी न हो इसका भी ध्यान रखते हुए सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बीईओ की टीम में धन्यकुमार पांडेय, उमेश दुबे , सुशील शर्मा , राजेश बरेठ एवं ममता जायसवाल शामिल थे।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक सारागांव में कल

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ संयुक्त तहसील चाम्पा, सारागांव, बम्हनीडीह की बैठक मां गायत्री उ. मा. विद्यालय सारागांव में दिनांक रविवार 31 अगस्त को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में 80 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनरों एवं नवीन सदस्यों का सम्मान किया जाएगा, तथा संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा किया जाएगा। प्रांतीय निर्देशानुसार दो सूत्रीय मांगो को लेकर पोस्ट कार्ड लेखन अभियान पर चर्चा किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग द्वारा दिनांक 14 अगस्त को अतिरिक्त पेंशन हेतु जारी आदेश में उल्लेखित नियमों से उपस्थित पेंशनरों को अवगत कराया जाएगा। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ संयुक्त तहसील चाम्पा, सारागांव, बम्हनीडीह के अध्यक्ष बालमुकुंद चतुर्वेदी, कार्यवाहक अध्यक्ष नंद कुमार राठौर, गेंदराम डड़सेना, तिजेंद्र तिवारी, प्रवक्ता रामकुमार राठौर ने सभी पेंशनरों को बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### खाद की कमी को लेकर 1 सितंबर को धरना प्रदर्शन

**जांजगीर-चांपा।** खाद की कमी से जूझ रहे किसानों की समस्या को देखते हुए आम आदमी पार्टी द्वारा 1 सितंबर को कचहरी चौक में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। आम आदमी पार्टी जांजगीर के जिला अध्यक्ष डॉ हेमंत कश्यप ने कहा कि किसानों की समस्याओं को राज्य सरकार जानबूझकर अनदेखा कर रही है जिससे कि उपज कम हो और सरकार को कम खरीदी करना पड़े, खाद की कमी, कालाबाजारी , जमाखोरी जिले में चरम पर है जिससे किसानों पर बढ़ते बोझ के खिलाफ 1 सितंबर को कचहरी चौक जांजगीर में एकत्र होकर सभी लोग कलेक्ट्रेट की ओर रवाना होंगे, सरकार के इस तानाशाही और अव्यवस्था के खिलाफ किसानों में असंतोष और गुस्सा है। मजबूरी में किसानों को अधिक दामों में यूरिया व डीएपी खरीदना पड़ रहा है।

# महज औपचारिक न हो जाए बैरिस्टर स्मृति समारोह, आयोजन से आमलोगों की बन रही दूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

अंग्रेजी हुकूमत के समय स्वतंत्रता आंदोलन में सहभागिता निभाने के साथ स्वतंत्र भारत के संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य रहे बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की स्मृति में होने वाले समारोह को लेकर इस बार भी महज औपचारिकता निभाने की तैयारी हो रही है। तीन दिवसीय आयेजन को दो दिनों में समेटने के लिए अफसरों ने बंद कमरे में न केवल बैठक की, बल्कि समिति भी बना ली गई है। खास बात यह है कि विगत वर्षों इस आयोजन में सभी वर्गों को जोड़ने का प्रयास होता था और एक समन्वित कमेटी बनाई जाती थी, लेकिन इस बार इसका कहीं कोई अता-पता नहीं है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर में होने वाले दो प्रमुख आयोजन जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव और बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह न केवल जिले बल्कि प्रदेश सहित देशभर में पहचान बनाने वाला आयोजन रहा है, लेकिन पिछले कुछ सालों से अफसरशाही के चलते यह आयोजन महज औपचारिक होने लगे है। इस बार भी सितंबर महीने में होने वाले बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह को लेकर शुक्रवर 29 अगस्त को कलेक्टोरेट में अफसरों की बैठक हुई। बैठक में जिले के साहित्य, शिक्षा, विधि और कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों की बात दूर सांसद, विधायक को भी आमंत्रित नहीं किया गया और अफसरों ने आपस में कमेटी बनाकर कार्यक्रम की पूरी रुपरेखा तैयार कर ली। इस दौरान आयोजन को दो दिन का करने का निर्णय लिया गया है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो, लेकिन विगत वर्षों जहां जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव के साथ बैरिस्टर स्मृति समारोह में आम लोगों का जो जुड़ाव होता था और जिले के अलावा प्रदेशभर के लोग शामिल होते थे। बीते साल की तरह इस साल भी अफसरों की कमेटी और आम लोगों की दूरी से यह आयोजन महज औपचारिक न हो जाए इसकी चर्चा होने लगी है।

## अफसरों ने अपने बीच कर ली बैठक, जनप्रतिनिधि व वरिष्ठजनों की भी उपेक्षा

### जानकारी नहीं

बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह आयोजन को लेकर हमें कोई जानकारी नहीं है। बैठक कहां हुई है कमेटी वगैरह के बारे में भी कोई जानकारी नहीं है।

**ब्यास कश्यप,**
विधायक जांजगीर-चांपा




### आयोजन को लेकर हुई बैठक

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह के आयोजन की तैयारी के संबंध में बैठक ली। बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह दो दिवसीय 18 एवं 19 सितम्बर तक शहीद स्मारक परिसर कचहरी चौक जांजगीर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र जांजगीर में आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों - कर्मचारियों को बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह के गरिमामय आयोजन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौपे और तैयारियों के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वो का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने कहा।

### गर्मी के दिनों में सोता रहा जल संसाधन विभाग, अब बता रहे इमरजेंसी वर्क

# पानी ले जाने किसान कर रहे नहरों की सफाई, श्रमदान या मजदूरी पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

90 फीसदी से अधिक सिंचित जांजगीर-चांपा जिले में सिंचाई के लिए किसान बूंद-बूंद पानी के लिए तरह रहे है। जगह-जगह नहरों के टूटने और जाम होने से पानी खेतों तक नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में किसान खुद ही श्रमदान करके नहरों की सफाई और मरम्मत कर रहे है। दूसरी ओर विभाग द्वारा इमरजेंसी वर्क बताकर इसे मजदूरी में कराने का दावा भी किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में नहरों की सफाई और मरम्मत के नाम पर रिपेयरमेंट मद के दुरुपयोग को लेकर आरोप प्रत्यारोप भी लगने लगे है।

गौरतलब है कि मौसम की बेरुखी के साथ नहरों से भी पर्याप्त पानी नहीं आने के कारण जिले के माटीपुत्र किसान इन दिनों भारी परेशान है। ऊपरी क्षेत्रों में जैसे-तैसे सिंचाई हो रही है, लेकिन टेल एरिया के किसान बूंद-बूंद पानी के लिए तरह रहे है। किसानों की मानें तो इसका सबसे बड़ा कारण समय पर नहरों की मरम्मत और सफाई नहीं हो पाना है। गर्मी की फसल के बाद पूरे मई और मानसून लगने तक जून के 15 दिन समय मिलाकर डेढ़ महीने का समय मिला, लेकिन मरम्मत तो दूर की बात नहरों में जाम पड़े मल्बे को भी सफाई कराने की सुध विभाग के जिम्मेदार अफसरों ने नहीं ली। अब जबकि नहरों की पतली धार खेतों तक नहीं पहुंच पा रही है तो किसान खुद ही श्रमदान करके नहरों की सफाई कर रहे है। बताया जाता है कि इस दौरान विभाग के कर्मचारी पहुंचकर पंचायत के माध्यम से काम कराने की बात कह देते है। सूत्रों की मानें तो विभाग के पास रिपेयरमेंट मद से ढ़ाई लाख तक का काम इमरजेंसी में कराने का अधिकार होता है। बताया जाता है कि बस इसी को आधार बनाकर जिले में नहरों की मरम्मत और साफ-सफाई के नाम पर बड़ा खेला हो रहा है। जानकार तो यहां तक बताते हैं कि इस तरह का काम पिछले कई सालों से होता आ रहा है। विभाग द्वारा जानबुझकर समय पर नहरों की मरम्मत और सफाई का काम नहीं कराया जाता, फिर ऐन सिंचाई के दिनों में इमरजेंसी वर्क बताकर दोनों हाथों से सरकारी खजाने को खर्च करने का काम होता है। इस दौरान जरुरत पड़ने पर चहेतों ठेकेदारों को उपकृत करके कागजी कार्रवाई पूरी कर दी जाती है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो, लेकिन जिले में एक ओर जहां नहरों की स्थिति बद् से बद्तर होती जा रही है। सिंचाई के लिए किसान बूंद-बूंद के लिए तरस रहे है और खुद ही मरम्मत व सफाई का काम करने लग रहे है। ऐसे में जिम्मेदार विभाग का अमला कई जगहों पर अपना उल्लू सीधा करने में भी पीछे नहीं है।



नहर की सफाई करते किसान।

### मुड़पार कनस्दा क्षेत्र में दिनभर चला सफाई का काम

**तुस्मा।** ग्राम पंचायत मुड़पार में नहर की साफ-सफाई किए जाने के बाद लंबे समय से रुका हुआ पानी फिर से बहना शुरू हो गया है। नहर के जाम हो जाने के कारण विगत कई दिनों से मुड़पार और समीपस्थ ग्राम सिंघुल के किसानों की फसलों को सिंचाई हेतु पानी नहीं मिल पा रहा था, जिसके चलते किसानों में चिंता का माहौल व्याप्त था और उनकी मेहनत पर संकट के बादल मंडराने लगे थे। ग्रामीणों की पहल और ग्राम पंचायत के सहयोग से मिलर नगर स्थित नहर की सफाई की गई। इधर इस सबंध में सरपंच पति भूपेन्द्र साहू ने बताया कि अफसरों के कहने पर 50-60 मजदूरों को काम पर लिए थे। तीन माइनरों की तीन किलोमीटर तक सफाई हुई है। तकरीबन 250 रुपए के हिसाब से मजदूरी दी जाएगी। इधर उदयभांठा के किसानों ने खुद ही नहरों की सफाई कर ली तो पिछले दिनों गोधना, सलखन, रिंगनी और इधर अकलतरा क्षेत्र के पोड़ीदल्हा के किसानों ने श्रमदान करके नहरों की सफाई की थी।

### इमरजेंसी वर्क

डबल फसल के कारण नहरों की सफाई और मरम्मत का काम नहीं हो पाया था। अभी पानी पहुंचाने के लिए इमरजेंसी वर्क करा रहे है। नहरों की मरम्मत और सफाई का ढ़ाई लाख तक का काम बिना किसी टेंडर के कराया जा सकता है। भुगतान विधिवत ठेकेदारों के माध्यम से ही होगा। श्रमदान का भुगतान नहीं करेंगे।

**-शशांक सिंह,**
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन विभाग



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

# 20 किलो गांजा के साथ दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

■ 4 लाख 20 हजार रुपए बताई जा रही कीमत

मध्य प्रदेश के दो युवकों के द्वारा अकलतरा के रेलवे स्टेशन में सूटकेस में रखा हुआ 20 किलो गांजा कीमत लगभग चार लाख रुपए को बेचने के फिराक में थे, तभी अकलतरा पुलिस द्वारा रेड करवाई कर दोनों युवकों को नारकोटिक्स एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार कर न्यायिक डिमांड में भेजा गया।

घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि उपनिरीक्षक के के साहू को मुखबिर से सूचना मिला था कि रेलवे स्टेशन अकलतरा के 2 युवक पास अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखे हुए हैं। सूचना पर रेलवे पुलिस के सहयोग से रेड कार्यवाही को गई। कार्रवाई के दौरान रेलवे स्टेशन के पास 2 व्यक्ति सूटकेश और बैग रखे मिले जिनका नाम पूछने पर अपना नाम नेपाल सिंह एवं प्रदीप सिंह बताया गया। दोनों युवक सूटकेश एवं बैग रखे थे जिनकी तलाशी लेने पर आरोपीगणों के कब्जे से 20 किलो 820 ग्राम गांजा कीमती 4,20000 रूपये सयुक्त रूप से जप्त किया गया। आरोपीयों को हिरासत मे लेकर उनके विरूद्व अप.क्र. 412/2025 धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट कायम किया गया एवं आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक भास्कर शर्मा, उप निरीक्षक के.के.साहू प्र.आरक्षक राकेश चतुर्थी, आरक्षक अजीत सिह राज, उमेश यादव, विजय राठौर का योगदान रहा।

## तालाब किनारे जुआ खेल रहे सात जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

कोटमीसोनार में तालाब किनारे जुआ खेलने वाले 7 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नगदी 5100 रुपए एवं 52 पत्ती तास बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में जुआ सट्टा खेलाने एवं खेलने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एएसपी उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा के नेतृत्व में मुखबिर सूचना पर एएसआई राजेंद्र सिंह क्षत्रिय टीम के साथ ग्राम कोटमीसोनार के अटल चौक तलाब के पास रेड कार्यवाही कर सुखीराम केंवट उम्र 51 वर्ष निवासी कोटमीसोनार, दिलेश साण्डील्य उम्र 21 वर्ष साकिन कोटमीसोनार, अवधेश लहरे उम्र 45 वर्ष साकिन दलदली कोटमीसोनार ,नरेश टण्डेन उम्र 43 वर्ष साकिन कोटमीसोनार, दिनेश साहू उम्र 24 वर्ष साकिन कोटमीसोनार, संजय बंजारे उम्र 22 वर्ष साकिन पाराघाट थाना मस्तुरी जिला बिलासपुर, महिपाल मिरी उम्र 26 वर्ष साकिन पाराघाट थाना मस्तुरी जिला बिलासपुर को जुआ खेलते पकड़ा एवं विधिवत गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) के तहत कार्यवाही किया गया।कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा, सउनि राजेन्द्र सिह थाना स्टाफ का योगदान रहा।

### बाइक में अवैध रुप से शराब का परिवहन

**नवागढ़।** बाइक से अवैध रुप से शराब का परिवहन मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं उसके कब्जे से 13 पाव अंग्रेजी शराब व 5 नग बियर जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्ग दर्शन में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा आरोपी संतराम कश्यप निवासी गोधना के कब्जे से 13 पाव अंग्रेजी शराब व 5 नग बीयर और मोटर सायकल को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी नवागढ़ एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

## म्यूल अकाउंट मामले में फरार 3 आरोपी पुलिस शिकंजे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

साइबर ठगी ट्रांजेक्शन कर 31 लाख 49 हजार रुपए की धोखाधड़ी मामले में फरार तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला शिवरीनारायण थाने का है।

म्यूल अकाउंट के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए शिवरीनारायण पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खाते में कुल 31 लाख 49 हजार 312 रुपए का सायबर ठगी का ट्रांजेक्शन होना पाया गया था। आरोपियों के खाता में पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, केरल, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, दिल्ली, गुजरात, राजस्थान जैसे और अन्य कई राज्य से समन्वय पोर्टल पर सायबर ठगी का शिकायत प्राप्त हुआ था। आरोपियों के द्वारा कमीशन के आधार पर अपना खाता किराया में दिया था। आरोपियों के विरूद्ध धारा 317(2),317 (4),317 (5), 111 (बी) 3 (5) बीएनएस के अपराध कायम किया गया था, जिसके तहत कार्यवाही करते हुए गोविंदा पटेल उम्र 22 साल कुम्हारी बस्ती थाना गिधौरी जिला बलौदा बाजार, गौतम देवांगन उम्र 20 साल निवासी बिर्रा थाना बिर्रा तथा हेमलता साहू उर्फ हेमा उम्र 25 साल निवासी रनपोटा थाना हसौद जिला सक्ती को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पूर्व में म9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इस कार्यवाही में शिवरीनारायण थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी, एएसआई नरेंद्र शुक्ला व अन्य स्टाफ का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### आरोपियो को रखने में हो होगी प्रशासन को सहुलियत

# जेल में बंदी एवं कैदियों के लिए तैयार हो रहा 50-50 की क्षमता वाले 2 बैरक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिला जेल जांजगीर में बंदी एवं कैदियो को रखने के लिए 50 एवं 50 की क्षमता वाले 2 बैरकों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ऐसे में अब आने वाले दिनो में उनको 280 की जगह 380 बंदी एवं कैदियो को रखने में सुविधा मिलेगी।

गौरतलब है कि जिला जेल जांजगीर में 280 बंदी एवं कैदियो को रखने की क्षमता वाले 12 बैरको का निर्माण कार्य कराया गया है। वही बंदी एवं कैदियो के बढते क्रम में होने के कारण उनको रखने की समुचित व्यवस्था नही बन पा रही है। इस बात को ध्यान में रखकर जेल प्रशासन के द्वारा लोक निर्माण विभाग के माध्यम से 50 एवं 50 की क्षमता वाले 2 बैरकों का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है, ताकि बंदी एवं कैदियो को रखने की समुचित व्यवस्था बनाई जा सके। जिला जेल में 423 बंदी एवं कैदियो की संख्या दर्ज की गई है। इनमें दंडित 5, विचाराधीन 3, कैदी 1 एवं सामान्य कैदी 414 बताई जा रही है। कुल मिलाकर देखा जाए तो 423 बंदी एवं कैदी जिला जेल में है। इनमे हत्या, लुट, छेडछाड, चोरी, दुष्कर्म, दहेज प्रताडना, मारपीट सहित अन्य तरह के मामले दर्ज किए गए है। जिन्हे जेल में रखा जाता है। वही अब इनकी बढती हुई संख्या को देखते हुए बैरको की संख्या आने वाले दिनो में 12 से बढकर 14 तक हो जाएगी। इससे बंदी एवं कैदियो को रखने में सुविधा होगी। जेल प्रशासन के द्वारा लोक निर्माण विभाग के माध्यम से 50 की क्षमता वाले 2 बैरको का निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया गया है।



जिला जेल में बन रहा बैरक।

### 1 करोड 20 लाख रूपए की राशि स्वीकृत

जिला जेल जांजगीर में 50 एवं 50 की क्षमता वाले 2 बैरको का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके लिए जेल प्रशासन के द्वारा 1 करोड 20 लाख रूपऐ की राशि स्वीकृत की गई है। वही लोक निर्माण विभाग के द्वारा बैरक का निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। जिससे बंदी एंव कैदियो के रखने को लेकर व्यवस्था बनेगी। वही उन्हे कम लोगो के बीच में रहना पडेगा।

### चल रहा निर्माण कार्य

जिला जेल मे 50 की क्षमता वाले 2 बैरको का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके लिए 1 करोड 20 लाख रूपऐ की राशि स्वीकृत की गई है। बैरक बनने के बाद बंदी एवं कैदियो को रखने मे सुविधा मिलेगी। वही सीसी टीवी कैमरे के माध्यम से बंदियो पर कडी नजर रखी जा रही है।

**-डी.डी.टोन्डर,**
जेल अधीक्षक, जांजगीर चांपा




## खबर संक्षेप



### देवेन्द्र अध्यक्ष एवं सनत बने जिला सचिव

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ राज्य के निर्देशानुसार जिला संघ में शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें रामकृपाल साहू राज्य कार्यसमिति सदस्य/चुनाव अधिकारी एवं के, आर, टंडन सहा, जिला, क्रीडा अधिकारी कोरबा पर्यवेक्षक के समक्ष शिक्षक सदन घंटाघर में चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें जिलाध्यक्ष देवेन्द्र महतो, जिला सचिव सनत कालेलकर, महिला प्रतिनिधि श्रीमती सावित्री जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कंवर, प्रदीप मिंज, उपाध्यक्ष गौरीशंकर जायसवाल, मानस केशरवानी, अजीत शर्मा, कोषाध्यक्ष कृष्णा गढेवाल, मिडिया प्रभारी डॉ पुष्पराज राजपूत, सहायक प्रवीण सिंह राजपूत, सहसचिव विशाल दुबे, जिला प्रवक्ता संदीप गौरहा, जिला संयोजक देवेन्द्र सिंह राजपूत ,सलाहकार अजय दुबे, संरक्षक केआर टंडन एवं रामकृपाल साहू खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरबा कार्यकारणी सदस्य में नवल किशोर उपाध्याय, इंदर सिंह आयाम, विवेकानंद गोपाल, सुमित सिंह प्रियंका चौहान, आदि सर्व सम्मति से चुने गये। जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरबा ने तारकेश मिश्रा किक बाक्सिंग एसोसिएशन, कमलेश देवांगन ताइक्वांडो/कराते संघ आदि ने शुभकामनाएं दी।

### कनौजिया राठौर समाज ने भाजपा जिलाध्यक्ष से की मुलाकात

**कोरबा।** कनौजिया राठौर समाज के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी से मुलाकात किया। उक्त कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आहूत की गई। जहां कनौजिया राठौर समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोदी का स्वागत किया। इस दोरान राठौर समाज के पदाधिकारियों द्वारा समाज की आवश्यकताओं के बारे में श्री मोदी जी को अवगत कराया। श्री मोदी ने कनौजिया राठौर समाज की आवश्यकताओं को जाना और उसे पूर्ण करने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए कहा कि हम विकसित भारत के मिशन पर है जिसे 2047 तक पूरा करने का संकल्प प्रधानमंत्री द्वारा लिया गया है और हम सब भी इस संकल्प में कैसे अपनी भागीदारी सिद्ध करें यह हमें सोचने का समय है क्योंकि यह हमारी राजनीतिक, सामाजिक के अलावा व्यक्तिगत जवाबदारी भी है ताकि हम हमारे आने वाली पीढ़ी को एक नए आत्मनिर्भर विकसित भारत दे सके। इस कार्यक्रम में कनौजिया राठौर समाज के अध्यक्ष सीताराम राठौर, सचिव हरीश राठौर, कोषाध्यक्ष छवि राठौर, विजय राठौर गोविंद राठौर के साथ काफी संख्या में राठौर समाज के लोग उपस्थित रहे।

### 40वें चक्रधर समारोह में ईशिता देंगी नृत्य की प्रस्तुति

**कोरबा।** गणेश चतुर्थी पर आयोजित होने वाला



चक्रधर समारोह अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और शास्त्रीय संगीत-नृत्य की प्रस्तुतियों के लिए विश्वभर में विख्यात है। राजा चक्रधर सिंह जी की पुण्यतिथि पर प्रति वर्ष मनाए जाने वाले इस आयोजन का यह वर्ष 40वां ऐतिहासिक पर्व है। 27 अगस्त से 5 सितम्बर तक रायगढ़ के रामलीला मैदान में प्रतिदिन शाम 7 बजे से आयोजित होने वाले इस समारोह में देश-विदेश के ख्यात कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इसी कड़ी में कोरबा की प्रतिभाशाली कथक नृत्यांगना ईशिता कश्यप अपनी एकल कथक नृत्य प्रस्तुति देंगी। उनका कार्यक्रम 2 सितम्बर की शाम 6 बजे निर्धारित किया गया है। ईशिता, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला व नृत्य गुरु पंडित मोरध्वज वैष्णव की शिष्या हैं और अब तक अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी कला से सराहना प्राप्त कर चुकी हैं। ईशिता की इस प्रस्तुति में उनके गुरु पं. मोरध्वज वैष्णव तबले पर संगत करेंगे।

## सहमति आवेदन को केन्द्रीय वन जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने बढ़ाया आगे

# रजगामार खदान पुनः शुरू करने आमजनों से मांगा गया सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

एसईसीएल की बंद पड़ी भूमिगत रजगामार खदान पुनः चालू करने की कवायद शुरू कर दी गई है। पर्यावरण मंत्रालय से एसईसीएल ने अनुमति मांगी थी, इस पर केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने खदान के पुर्नवैधीकरण की सहमति के आवेदन को आगे बढ़ाया है और छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने आमजनों से आपत्ति और सुझाव मंगाए हैं।

कोल इंडिया की संबद्ध कंपनी एसईसीएल कोरबा अंतर्गत रजगामार की 6-7 नंबर खदान पिछले 11 वर्षों से बंद है, जबकि खदान में कोयला का भंडार है। कोरबा क्षेत्र की इस खदान को पुनः उत्पादन में लाने की कोशिश की गई थी, पर पर्यावरण मंजूरी नहीं मिलने से प्रक्रिया लटक गई थी। हालांकि प्रबंधन ने अपने स्तर पर प्रयास कम नहीं किया और लगातार पत्राचार किया। इसके लिए केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के समक्ष पुर्नवैधीकरण की सहमति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इसी परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने विज्ञापन जारी कर खदान के पुर्नवैधीकरण के लिए आमजनों से आपत्तियां और सुझाव मांगे हैं। खदान क्षेत्र के आसपास निवासरत लोगों को आपत्तियां और सुझाव प्रस्तुत करना होगा। इसके बाद पुर्नवैधीकरण की मंजूरी दी जा सकती है। उल्लेखनीय है कि रजगामार खदान का लीज क्षेत्रफल 3486.577 हेक्टेयर है। खदान की सालाना उत्पादन क्षमता 0.45 मिलियन टन है। इस खदान से वर्ष 1995 में उत्पादन शुरू हुआ था।
बाक्स

#### एमडीओ मोड में होगा संचालन

रजगामार और सिंघाली खदान को पुर्नवैधीकरण का प्रमाण पत्र जारी होने के बाद इसका संचालन निजी कंपनियों को दिया जाएगा। एमडीओ मोड और रेवेंयू शेयरिंग आधार पर निजी कंपनी द्वारा खदान से कोयला उत्पादन किया जाएगा। रजगामार खदान के लिए कंटीन्यूअर्स माइनर मशीन भी मंगाई जा रही है, ताकि आधुनिक ढंग से कोयले की निकासी की जा सके।

# ईपीएफओ 3.0 जल्द होगा लॉन्च पीएफधारियों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अगर आप नौकरीपेशा हैं और हर महीने पीएफ अकाउंट में पैसा जाता है, तो आपके लिए बड़ी खुशखबरी है। ईपीएफओ का नया डिजिटल प्लेटफॉर्म ईपीएफओ 3.0 जल्द ही लॉन्च होने वाला है। इसके आने के बाद पीएफ से जुड़ी कई बड़ी परेशानियां खत्म हो जाएंगी और आपको पैसा निकालने से लेकर क्लेम करने तक हर काम आसान हो जाएगा।

ईपीएफओ 3.0 को जून 2025 में लॉन्च होना था, लेकिन टेक्निकल टेस्टिंग की वजह से देरी हुई है। उम्मीद है कि अब जल्द ही यह प्लेटफॉर्म सभी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध होगा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने नए वर्जन ईपीएफओ 3.0 को लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। इस प्लेटफॉर्म का मकसद है पीएफ सर्विस को तेज, आसान और पूरी तरह डिजिटल बनाना केन्द्र सरकार ने इसके लिए इंफोसिस, विप्रो और टीसीएस जैसी बड़ी आईटी कंपनियों को शॉर्टलिस्ट किया है। नए प्लेटफॉर्म पर पीएफ निकासी यूपीआई के जरिए भी हो सकेगी। यानी गुगल पे, फोन पे, पेटीएम जैसे ऐप से भी पैसा निकालना आसान हो जाएगा। यह खास तौर पर इमरजेंसी में बहुत मददगार साबित होगा। ईपीएफओ 3.0 के आने के बाद आप अपने पीएफ अकाउंट से सीधे एटीएम से पैसे निकाल पाएंगे। जैसे बैंक अकाउंट से कैश निकलता है, वैसे ही पीएफ का पैसा भी तुरंत मिलेगा। इसके लिए यूएएन एक्टिव होना और बैंक अकाउंट से आधार लिंक होना जरूरी होगा। अब पीएफ क्लेम और पर्सनल डिटेल्स में बदलाव के लिए ऑफिस के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। सब कुछ ऑनलाइन होगा और सिर्फ ओटीपी से करेक्शन हो जाएगा। क्लेम स्टेटस भी आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा।

#### खास बात

- एटीएम से सीधे पीएफ विड्राल की मिलेगी फैसिलिटी

### आंगनबाड़ी में चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंचाई कालोनी आईटीआई रामपुर निवासी श्रीमती उर्मिला भारती उम्र 56 वर्ष पति हरदेव भारती आंगनबाडी क्र. 1 रामपुर में कार्यकर्ता के पद पर पदस्थ है। 26 अगस्त की रात्रि लगभग 11.30 बजे से 27 अगस्त की सुबह 9.30 बजे के मध्य कोई अज्ञात चोर आंगनबाड़ी केन्द्र के दरवाजा का ताला तोडकर केन्द्र में रखे गैस सिलेंडर, बंद पेटी में रखे दो बोरी दलिया और टीवी को चोर कर फरार हो गया है। उर्मिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

# कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे-130 पर अंधेरा बन रहा हादसों का सबब



कटघोरा-अंबिकापुर मार्ग जहां स्ट्रीट लाइट पड़ी है बंद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा से चंदनपुर तक नेशनल हाईवे-130 पर अंधेरा अब मौत का कारण बनता जा रहा है। सड़क किनारे लगी लाइटें कई महीनों से बंद पड़ी हैं लेकिन उनकी मरम्मत पर न तो जिम्मेदार ठेका कंपनी ध्यान दे रही है और न ही प्रशासन सक्रिय हो रहा है। नतीजतन रात के समय यह पूरा 20 किलोमीटर लंबा मार्ग खतरनाक साबित हो रहा है।

#### खास बातें

- कई महीनों से बंद हैं स्ट्रीट लाइटें
- प्रशासन और ठेका कंपनी की लापरवाही से बढ़ रहा हादसों का खसरा

पिछले कुछ दिनों में इस मार्ग पर बाइक सवार दो युवकों की जान सड़क दुर्घटना में चली गई। इसके अलावा दर्जनों मवेशी भी वाहन दुर्घटनाओं का शिकार होकर अपनी जान गंवा चुके हैं। हाईवे पर तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहनों को घने अंधेरे में न तो सामने से आती गाड़ियां दिखती हैं और न ही अचानक सड़क पर आ जाने वाले इंसान या मवेशी। इससे हादसों की आशंका और बढ़ जाती है। रात ढलते ही पूरा हाईवे घने अंधेरे में डूब जाता है। ऐसे में वाहन चालक न तो सड़क को साफ देख पाते हैं और न ही आसपास की गतिविधियों का अंदाजा लगा पाते हैं। नतीजा यह होता है कि जरा सी चूक बड़े हादसे का रूप ले लेती है। इस स्थिति में न सिर्फ यात्रियों की जान खतरे में है बल्कि बेजुबान मवेशी भी आए दिन काल के गाल में समा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द हाईवे पर बंद पड़ी लाइटों को चालू किया जाए। साथ ही जिम्मेदार कंपनी और प्रशासन को सुरक्षा की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। लोगों का कहना है कि अब और जानें बर्बाद न हों, इसके लिए त्वरित कदम उठाना जरूरी है।

#### प्रशासन और कंपनी पर सवाल

नेशनल हाईवे-130 पर दिन-रात भारी वाहनों की आवाजाही होती है। यह मार्ग आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद सड़क सुरक्षा की सबसे बुनियादी व्यवस्था यानी लाइटों को दुरुस्त करने में लापरवाही बरती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिलीप बिल्डकॉन कंपनी द्वारा इस मार्ग का निर्माण किया गया था लेकिन कंपनी ने लाइटों की देखरेख की जिम्मेदारी निभाने में कोताही बरती है। वहीं प्रशासन भी इस गंभीर समस्या पर चुप्पी साधे हुए है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब हादसों की सीधी वजह अंधेरा है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

### मंगल सूत्र की ठगी अपराध दर्ज

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रामसागरपारा तालाबपारा निवासी सुधा देवी उम्र 45 वर्ष पति ननकू दास ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 27 अगस्त की सुबह 12 बजे घर पर थी उसका पति ननकूदास फेरी करने गया था। उसी समय एक व्यक्ति भीख माँगने आया और बोला कि आपका बच्चा गुमा है वो वापस आ जाएगा इसलिए आप लोग ज़्यादा परेशान रहते हो। जिसके उपरांत सुधा देवी द्वारा भिखारी को 5 रूपये दिए और घर से थोड़ा चावल लेकर आयी चावल और पैसा को भिक्षा माँगने वाले को दिये फिर भिखारी ने सुधा देवी के हाथ में कागज़ को रखा और सुधा देवी के मंगलसूत्र को निकालकर कागज में लपेटा फिर बोला कि इसे चुनरी में लपेटकर बाँधो और बोला कि शाम को खोलना फिर उसके जाने के बाद सुधा देवी ने चुनरी खोलकर देखा तो उसमें मंगलसूत्र नहीं था।

# फुलसर में हाथियों ने मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कटघोरा वनमंडल हाथियों का स्थायी ठिकाना बन चुका है और हाथी लगातार वनमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में घुसकर उत्पात मचाते हैं। कोरबी सर्किल के खुरूपारा में 33 तथा सखोदा में 9 हाथी विचरण कर रहे हैं जबकि 10 हाथियों ने अन्यत्र रूख कर लिया है।

कोरबी सर्किल में मौजूद हाथियों के दल ने बीती रात फुलसर गांव में पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान आधा दर्जन ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को बुरी तरह रौंद दिया। जबकि एक दंतैल हाथी अलग होकर बस्ती होते हुए कोरबी बस स्टैंड के समीप पहुंच गया और उसके पीछे एसईसीएल द्वारा निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल को निशाना बनाते हुए ध्वस्त कर दिया। जिससे कंपनी को आर्थिक नुकसान हुआ है। वहीं हाथियों को भगाते समय क्षेत्र में विनोद नामक एक युवक गिरकर घायल हो गया। बताया जाता है कि वन विभाग के अधिकारी हाथियों की निगरानी में जुटे हुए हैं पर विभाग के द्वारा हाथियों की आवाजाही के संबंध में क्षेत्रवासियों को मुनादी व लाउडस्पीकर से सूचना नहीं दी जा रही है जिससे ग्रामीण नाराजगी प्रकट कर रहे हैं। फसल नुकसानी का उचित मुआवजा देने की मांग भी की जा रही है लेकिन उन्हें पर्याप्त मुआवजा राशि नहीं दी जा रही है।हाथी प्रभावित क्षेत्र में अधिकारियों का दौरा भी पिछले कई दिनों से नहीं हो रहा है, न ही हाथियों से बचाव के लिए विभाग की ओर से किसी प्रकार रोकथाम की जा रही है जिससे कभी भी जनहानि होने की आशंका बनी रहती है।

### पति, सास, ननद के खिलाफ अपराध दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एमआईजी- 68 राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस 2 निहारिका निवासी श्रद्धा बुंदेला उम्र 29 वर्ष पति राहुल सिंह बुंदेला ने बालको थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका विवाह राहूल सिंह बुंदेला के साथ वर्ष 2019 में हुआ था। विवाह के बाद से कुछ समय तक श्रद्धा के ससुराल के लोगो के द्वारा उसके साथ में अच्छा व्यवहार किया गया। दाम्पत्य जीवन से एक पुत्र सूर्यांश बुंदेला उर्फ राघव बुंदेला उम्र एक वर्ष का है। वर्ष 2022 में राहुल अन्य महिला के संपर्क मे आने के बाद से ही श्रद्धा के साथ छोटी छोटी बातों को लेकर पहले तो मारपीट करने लगे और उसके बाद वर्ष 2023 से ही श्रद्धा के साथ में उसके माता पिता से विवाह के समय दहेज में कुछ भी नहीं दिये जाने का उल्लाहना देकर श्रद्धा को हमेशा मानसिक प्रताड़ना देते हुए अपमानित करने लगे और श्रद्धा को कहने लगे की अगर वह किसी दुसरे महिला से विवाह किया होता तो उसे अच्छा दान दहेज मिलता। इस बात को लेकर श्रद्धा के साथ आये दिन गाली गलौज कर उसे मायके से दहेज के नाम पर 5 लाख रुपए मांग कर लाने दबाव बनाते थे।हुए श्रद्धा के साथ में मारपीट करने लगे। मामले की शिकायत पर पुलिस ने श्रद्धा की रिपोर्ट पर उसके पति राहुल सिंह बुंदेला, सास कौशिल्या बुंदेला, ननद रुकमणी बुंदेला के खिलाफ 3 (5), 85 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

# 15 फीट लंबा पहरचित्ती घुसा घर में, ग्रामीणों ने देखा तो उड़ गए होश, किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कोरबा के जंगल में किंग कोबरा की चहलकदमी लगातार बढ़ती जा रही है और बढ़ते कुनबे की वजह से एक बार फिर से एक विशालकाय किंग कोबरा (पहरचित्ती) एक ग्रामीण के घर में जा धमका था। जैसे ही वन अमले को इसकी सूचना मिली वन विभाग के अधिकारियों की टीम पहुंची और विशालकाय किंग कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू कर फिर से उसे जंगल में छोड़ा गया है।

कोरबा वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्रों में किंग कोबरा की धमक बढ़ती जा रही है। बुधवार की रात पसरखेत रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम मदनपुर निवासी अजय कुमार सिदार के घर करीब 15 फीट लंबा विशालकाय किंग कोबरा उनके घर में आकर बैठ गया। अचानक इतने बड़े किंग कोबरा को देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत को दी इसके उपरांत डीएफओ के निर्देश पर एसडीओ आशीष खेलवार के मार्गदर्शन में जितेंद्र सारथी अपनी टीम के साथ तुरंत उस स्थान के लिए रवाना हुए। गांव पहुंचने के बाद सबसे पहले ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी पर किया गया और फिर तय प्रोटोकॉल के तहत रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया।

करीब एक से डेढ़ घंटे तक चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन में किंग कोबरा ने बार-बार फुफकार कर अपना रौद्र रूप दिखाया। सफल रेस्क्यू के बाद गांव और घर के लोगों ने राहत की सांस ली।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी
हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.)
ग्राम-पिसौद प.ह.नं., दिनांक 18-08-25
ईश्तहार
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती/कु. संतोषराम ज्वाला पिता श्री नारायण ज्वाला जाति सतनामी निवासी-पिसौद तहसील हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने याद बाई ज्वाला के मृत्यु दिनांक 5-05-2021 स्थान पिसौद पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, पंचनामा, शपथ पत्र सहित पेश किया है।
अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30/8/2025 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 18/8/25 को इस न्यायालय की सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।
कार्यापालिका दण्डाधिकारी
हसौद



## लालबागचा राजा के दर्शन करने सिद्धार्थ संग पहुंची जाह्नवी...

**मुंबई।** जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म परम सुंदरी आज रिलीज हो रही है। दोनों इस फिल्म का खूब जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। अब फिल्म की रिलीज से एक दिन पहले दोनों लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान का दोनों का वीडियो सामने आया है। हालांकि, भीड़ में जाह्नवी थोड़ी अनकंफर्टेबल दिखती हैं। वीडियो में आप देखेंगे कि जाह्नवी भीड़ में आगे जाती हैं। उनके एक्सप्रेशन से साफ पता चल रहा है कि वह भीड़ में परेशान हो रही हैं। उसके पीछे वहीं सिद्धार्थ नजर आ रहे हैं। एक ने कमेंट किया, 'ऐसे भीड़ में क्यों भेजा, अगर वह अनकंफर्टेबल है तो?' जाह्नवी को कितना अजीब लग रहा है, समझ सकते हैं।

लाइफ Style

# मोनालिसा

## मलयालम फिल्म नागम्मा में आएंगी नजर

प्रयागराज महाकुंभ से अपनी खूबसूरत आंखों को लेकर माला विक्रेता मोनालिसा खूब लोकप्रिय हुईं। किस्मत उन पर इस कदर मेहरबान हुई कि वे अब फिल्मी दुनिया में कदम रख चुकी हैं। वे बॉलीवुड फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर में पहले से काम कर रही हैं, इस बीच उनके हाथ एक साउथ फिल्म लगी है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वायरल गर्ल मोनालिसा मलयालम फिल्म नागम्मा में नजर आएंगी। माला विक्रेता मोनालिसा भोसले आगामी मलयालम फिल्म नागम्मा में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हाल ही में इस फिल्म की पूजा सेरेमनी हुई, इसमें भी मोनालिसा ने शिरकत की। मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से तस्वीरें भी शेयर कीं। मोनालिसा ने आगामी मलयालम फिल्म की पूजा सेरेमनी की जो फोटोज शेयर की हैं, उनमें उनके साथ नीलाथमारा के एक्टर कैलाश भी नजर आ रहे हैं। फिल्म में मोनालिसा कैलाश के अपोजिट दिखाई देंगी। कार्यक्रम में फिल्म निर्माता सिबी मलयिल भी मौजूद थे। पी बीनू वर्गीस इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। वहीं, जीली जॉर्ज फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। नागम्मा में मोनालिसा महत्वपूर्ण भूमिका में होंगी। मोनालिसा, इंदौर से लगभग 100 किलोमीटर दूर महेश्वर की रहने वाली हैं। वे इस साल प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान सोशल मीडिया सेंसेशन बन गईं। मोनालिसा वहां माला बेचने गई थीं। अपनी खूबसूरत आंखों के चलते वे आकर्षण का केंद्र बन गईं। फिल्म नागम्मा की शूटिंग सितंबर में शुरू होने की उम्मीद है। मोनालिसा की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है।



हॉलीवुड मसाला




## लिंकिन पार्क का प्रदर्शन अब भारत में

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रॉक बैंड लिंकिन पार्क अब भारत में भी अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार है, जिसकी शुरुआत मुंबई से होगी। फ्रॉम जीरो वर्ल्ड टूर के तहत बैंड का यह पहला कार्यक्रम भारत में होने वाला है, जिसकी आधिकारिक पुष्टि हो चुकी है। बैंड ने बताया कि वह लोलापालूजा इंडिया में प्रस्तुति देने वाले हैं। अमेरिकी रॉक बैंड लिंकिन पार्क ने घोषणा कि वे 25 जनवरी, 2026 को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में लोलापालूजा इंडिया में परफॉर्म करेंगे।



## शेखा महरा ने की रैपर फेंच मोंटाना से सगाई

**लॉस एंजिल्स।** मोरक्कन-अमेरिकी रैपर फ्रेंच मोंटाना और दुबई की राजकुमारी शेखा महरा इन दिनों सुर्खियों में हैं। दोनों ने हाल ही में अपनी सगाई की पुष्टि की है। यह सगाई पेरिस फैशन वीक के दौरान हुई, जहां फ्रेंच मोंटाना ने अपनी लेडी लव शेखा महरा को अंगूठी पहनाई। खबर सामने आने के बाद दुनियाभर के फैन्स हैरान रह गए, क्योंकि महरा ने कुछ महीने पहले ही अपने पहले पति से तलाक लिया था। शेखा महरा दुबई के प्रधानमंत्री और संयुक्त अरब अमीरात के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की बेटी हैं। महरा की मां जोई ग्रिगोराकॉस ग्रीस से हैं और अब अपने पति से अलग रह रही हैं। तलाक के कुछ ही समय बाद शेखा की मुलाकात फ्रेंच मोंटाना से हुई।



## रिलीज हुआ शिल्पा की फिल्म का पोस्टर

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा की मशहूर अदाकारा शिल्पा शिरोडकर एक लंबे अंतराल के बाद फिल्मों में वापसी करने जा रही हैं। उनकी आने वाली फिल्म का नाम जटधारा है और गुरुवार के दिन इसका पहला लुक जारी किया गया है। इस पोस्टर में शिल्पा शिरोडकर का अंदाज रहस्यमयी और बेहद ताकतवर दिखाई दे रहा है। उनके किरदार का नाम शोभा है। जटाधारा एक सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म है। अभी तक इस फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस नहीं की गई है। बस पहला पोस्टर आउट किया और फिल्म की स्टार कास्ट के बारे में जानकारी दी है। इस फिल्म में शिल्पा शिरोडकर के साथ सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा भी हैं। यूं तो ये तेलुगू फिल्म है, लेकिन इसे हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा। लोगों को शिल्पा की फिल्म का पोस्टर पसंद आ रहा है।



## परिवार के साथ मनाई गणेश चतुर्थी...

**मुंबई।** सलमान खान हर साल गणेश चतुर्थी परिवार के साथ सेलिब्रेट करते हैं। अब इस साल भी सलमान ने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ गणेश चतुर्थी सेलिब्रेट की। इस सेलिब्रेशन का वीडियो सामने आया है जहां सलमान के पैरेंट्स भाई, दोनों बहनें और उनका परिवार और उनके दोस्त भी अपने परिवार के साथ नजर आ रहे हैं। सलमान ने खुद वीडियो शेयर किया है, जिसकी शुरुआत होती है गणपति बप्पा से जिन्हें काफी खूबसूरती से सजाया है। पहले सलमान की मां सलमा और पिता सलीम खान आरती करते हैं साथ में। इसके बाद सोहेल खान आरती करते हैं। इसके बाद सलमान खान आरती करते हैं फिर अरबाज, बहन अलवीरा और छोटी बहन अर्पिता आरती करते हैं। सलमान के भांजे और भांजी इस दौरान नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



## गाय के साथ शूट करना मेरे लिए जीवन बदलने वाला अनुभव

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री की उभरती हुई अभिनेत्री हरलीन कौर रेखी वर्तमान में 'कामधेनु गौ माता' शो में में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस शो में उनका किरदार और उनके ऑन-स्क्रीन गाय साथी, कपिला, दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गए हैं। हाल ही में हरलीन ने अपने अनुभव, चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नए अवसरों के बारे में खुलकर बातचीत की। हरलीन ने बताया, 'कपिला, जो कामधेनु माता की भूमिका निभाने वाली गाय है, उसके साथ रिश्ता बनाना बहुत जरूरी और चुनौतीपूर्ण था। स्क्रीन पर कपिला के साथ जुड़ना मेरे किरदार के लिए बहुत अहम था। शुरुआत में मैं थोड़ी हिचकिचा रही थी, क्योंकि मैंने पहले कभी किसी जानवर के साथ इतना करीब से काम नहीं किया था। लेकिन, कपिला बहुत प्यारी और मिलनसार थी। धीरे-धीरे यह रिश्ता बन गया और सिर्फ रोल निभाने में मदद नहीं की, बल्कि मेरे अंदर आध्यात्मिक समझ और ब्रह्मांड के साथ मेरा जुड़ाव भी गहरा हुआ।' हरलीन ने आगे बात करते हुए कहा, 'कपिला और शो के माहौल के साथ काम करने से मुझे अपने अंदर झांकने और आत्म-समझ विकसित करने में मदद मिली। जानवरों के साथ काम करना और शो की कहानी में हिस्सा लेना मेरे व्यक्तित्व और सोच को समझने में मदद करता है।

## तान्या मित्तल ने किया खेला मां-बेटे के रिश्ते में डाली दरार

**नई दिल्ली।** बिग बॉस सीजन 19 में ड्रामा और साजिश का लेवल हर नए दिन बढ़ता ही जा रहा है। इस सीजन की शुरुआत से ही कंटेस्टेंट्स के बीच टकराव देखने को मिला, लेकिन अब घर के अंदर रिश्तों पर भी



साजिश का जहर असर दिखाने लगा है। खासकर गौरव खन्ना और कुनिका सदानंद के बीच बना मां-बेटे का रिश्ता, जो दर्शकों को अब तक सबसे प्यारा लग रहा था, वो भी टूटने की कगार पर पहुंच चुका है। इस पूरी साजिश के पीछे हैं तान्या मित्तल। शो के पहले ही हफ्ते में गौरव खन्ना और अभिनेत्री कुनिका सदानंद के बीच अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिली। कुनिका ने काफी जगहों पर कहा कि गौरव उनके बेटे की उम्र के हैं। लेकिन बिग बॉस के घर में स्थायी रिश्ते टिकते कहां हैं? यही हुआ इस रिश्ते के साथ भी। नए एपिसोड के प्रोमो में दिखाया गया कि तान्या मित्तल ने बड़ी चतुराई से कुनिका के कान भरने शुरू किए। उन्होंने कुनिका से कहा कि उनका सबसे करीबी रिश्ता गौरव से नहीं, बल्कि उन्हीं से है।

## एक ही परिवार ने बनाई पांच धांसू फिल्में सभी में नजर आया एक जैसा पैटर्न

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में कई परिवार फिल्म मेकिंग के बिजनेस से जुड़े हैं। बॉलीवुड में एक ऐसा परिवार है जिसके सदस्यों ने समय-समय पर 5 ऐसी फिल्में बनाईं, जिनका पैटर्न काफी हद तक ऐसा जैसा ही था। इन पांचों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। सभी फिल्में ब्लॉकबस्टर निकलीं और सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। हम बात कर रहे हैं भट्ट फैमिली और उनके रिश्तेदारों की। फिल्मकार महेश भट्ट और उनके परिवार से जुड़े सदस्यों ने पिछले 34 साल में पांच ऐसी फिल्में बनाईं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की।*

***आशिकी*** : सबसे बात करते हैं 1990 में आई आइकॉनिक रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म आशिकी की। इस फिल्म को महेश भट्ट ने डायरेक्ट किया था। राहुल रॉय, अनु अग्रवाल, दीपक तिजोरी लीड रोल में थे। नदीम-श्रवण का म्यूजिक, समीर के गीत सुपरहिट रहे थे। दिल का आलम, बस एक सनम चाहिए, नजर के सामने और धीर धीरे से मेरी जिंदगी में आना जैसे गानों ने 90 के दशक में धूम मचा दी थी। हर गली-मोहल्लों, बस-ऑटो, पान की दुकानों पर ये गाने सुनाई देते थे। 90 लाख के बजट में बनी इस फिल्म ने 5 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी।

***राजा हिंदुस्तानी*** : 1996 में महेश भट्ट के भांजे धर्मेश दर्शन एक फिल्म लेकर आए थे। नाम था : राजा हिंदुस्तानी। करीब 5 करोड़ के बजट में बनी इस मूवी ने वर्ल्डवाइड 76 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। यह फिल्म 1996 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी और ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर साबित



हुई थी। फिल्म में रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और इमोशन्स का पूरा डोज था। नदीम-श्रवण के म्यूजिक से सजी इस फिल्म के गाने बहुत पॉप्युलर हुए थे 'परदेसी परदेसी जाना नहीं' तो सबसे ज्यादा सुना गया था।

***राज़*** : महेश भट्ट 2002 में एक बार फिर से महेश भट्ट ने पर्दे पर वापसी की। इस बार वह हॉरर-रोमांटिक फिल्म 'राज' लेकर आए थे। हॉरर जॉनर की इस फिल्म में बिपाशा बसु और डिनो मोरिया लीड रोल में थे। 5 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 37 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। यह उस साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी।

***आशिकी 2*** : 2013 में महेश भट्ट के भांजे मोहित सूरी के निर्देश में बनी फिल्म 'आशिकी 2' रिलीज हुई थी जिसमें आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर थे. इस फिल्म का म्यूजिक भी कमाल का था। खासकर 'तुम ही हो' और 'सुन रहा है ना तू' गाना बहुत पॉपुलर हुआ था। ये 1990 की 'आशिकी' का सीक्वल थी। यह इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।

***सैयारा*** : 2025 में पूरे 12 साल बाद मोहित सूरी के निर्देशन में बनी एक और रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया। 18 जुलाई 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा लीड रोल में नजर आए। फिल्म को लेकर युवाओं में एक अलग ही क्रेज देखने को मिला।

## नए लुक में दीपिका के साथ बप्पा का आशीर्वाद लेते दिखे रणवीर

**मुंबई।** गणेश चतुर्थी का त्योहार बॉलीवुड सितारों के लिए हमेशा खास रहा है। इस बार अंबानी परिवार के एंटीलिया स्थित वार्षिक गणेश पूजा में बॉलीवुड का पावर कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण सुर्खियों में रहा। लंबे समय से अपने गाढ़ी दाढ़ी और लंबे बालों वाले लुक में दिख रहे रणवीर इस बार एकदम अलग अंदाज में नज़र आए। उन्होंने दाढ़ी-मूंछ साफ कर क्लीन-शेव लुक अपनाया, जो उनके आने वाली जासूसी थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' से एकदम हटकर है। इस इवेंट के दौरान दीपिका और रणवीर ने सिंगर हर्षदीप कौर और उनके पति से भी मुलाकात की। इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। दोनों कपल्स साथ में पोज देते हुए नजर आए। इस बार का गणेश चतुर्थी कपल के लिए और भी मायने रखता है, क्योंकि यह उनकी बेटी दुआ पादुकोण सिंह के जन्म के बाद पहली गणेश चतुर्थी है। दुआ अभी कुछ ही दिनों में अपना पहला जन्मदिन मनाने वाली हैं। गौरतलब है कि दीपिका और रणवीर ने अपनी बेटी की तस्वीरों को सार्वजनिक न



करने का फैसला लिया है। हाल ही में एयरपोर्ट पर एक फैन द्वारा चुपके से वीडियो बनाने की कोशिश पर दीपिका ने नाराजगी भी जताई थी। कुछ समय पहले दिए एक इंटरव्यू में रणवीर ने दीपिका के मातृत्व को लेकर भावुक बयान दिया था। उनके मुताबिक, दीपिका अब तक की अपनी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रही हैं।

### असल जिंदगी में उनके स्ट्रगल की कहानी किसी हीरो से कम नहीं रही

## वो एक्टर जो दिन में खोजते थे फिल्मों में चांस और रात को करते थे होटल में काम

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड की दुनिया बाहर से देखने पर जितनी भी चमकदार दिखती है, अंदर से उतनी ही स्ट्रगल से भरी होती है। हर एक्टर और एक्ट्रेस की बॉलीवुड के कदम रखने की अपनी-अपनी वजह और कहानी है। कुछ कलाकार इन कहानियों को कभी दुनिया के सामने नहीं लाते तो कुछ वक्त के साथ खुलकर बताते हैं कि उन्होंने फिल्मों में आने का सफर कैसे तय किया। आज हम ऐसे ही एक्टर की कहानी लेकर आए हैं जिन्होंने ज्यादातर फिल्मों में भले ही लीड रोल न निभाया हो, लेकिन असल जिंदगी में उनके स्ट्रगल की कहानी किसी हीरो से कम नहीं रही। फिल्मी दुनिया में अपनी जगह बनाने के लिए दीपक तिजोरी दिन में प्रोड्यूसर्स के दफ्तरों के चक्कर लगाते थे और रात को होटल में काम करते थे। दीपक तिजोरी का परिवार मूल रूप से गुजरात के मेहसाणा से था। उनके परदादा तिजोरियां बनाने का काम करते थे, इसी वजह से दीपक का सरनेम 'तिजोरीवाला' पड़ गया, जो वक्त के साथ 'तिजोरी' हो गया। दीपक तिजोरी के पिता गुजराती वैष्णव और मां पारसी ईरानी थीं। मां को फिल्मों में काम करने का शौक था, लेकिन परिवार के रूढ़िवादी होने की वजह से उनका सपना अधूरा रह गया। हालांकि, उन्होंने अपने बेटे दीपक को एक्टिंग की दुनिया में जाने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया।*

### असल दुनिया में कदम रखते ही झटका लगा

दीपक की पढ़ाई मुंबई के नरसी मोनजी कॉलेज से हुई, जहां से उन्हें एक्टिंग में गहरी रुचि जगी। कॉलेज के दिनों में उन्होंने थिएटर ग्रुप जॉइन किया और यहीं उनकी मुलाकात आमिर खान, आशुतोष गोवारिकर, परेश रावल जैसे कई कलाकारों से हुई, जो आगे चलकर बड़े नाम बने। कॉलेज में दीपक हर प्ले में हीरो का रोल निभाते थे और उन्हें भरोसा हो चला था कि कॉलेज से निकलते ही उन्हें फिल्मों में भी हीरो बनने का मौका मिल जाएगा, लेकिन असल दुनिया में कदम रखते ही उनकी इस सोच को झटका लगा।

### घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी

कॉलेज खत्म होते ही जब दीपक ने फिल्मों में काम खोजना शुरू किया तो उन्हें समझ आ गया कि यहां बिना किसी पहचान के आगे बढ़ना आसान नहीं है। घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। पिता की आमदनी सीमित थी और बड़े भाई के कंधों पर परिवार की जिम्मेदारी थी। ऐसे में दीपक ने रात में बांद्रा के होटल में फ्रंट डेस्क पर काम शुरू कर दिया, ताकि दिन में वह फिल्म स्टूडियो और प्रोड्यूसर्स के दफ्तर जा सकें। यह उनके जीवन का सबसे कठिन और उन्हें सबसे मजबूत बनाने वाला समय था। दिनभर स्ट्रगल और रातभर काम, कुछ इस तरह उन्होंने अपने सपने को जिंदा रखा।




### आशिकी में एक दोस्त का किरदार मिला

धीरे-धीरे दीपक को छोटे-मोटे मॉडलिंग असाइनमेंट मिलने लगे और फिर एक दिन उन्हें एक्टर अवतार गिल का फोन आया। उन्होंने बताया कि महेश भट्ट उन्हें ढूंढ रहे हैं। दीपक ने तुरंत उनसे सम्पर्क किया और तब जाकर उन्हें फिल्म आशिकी में एक दोस्त का किरदार मिला। यह रोल छोटा जरूर था, लेकिन असरदार इतना था कि इसके बाद दीपक को एक के बाद एक फिल्में मिलती गईं। सड़क, दिल है कि मानता नहीं, खिलाड़ी, जो जीता वही सिकंदर, कभी हां कभी ना और अंजाम जैसी सुपरहिट फिल्मों में बतौर को-एक्टर काम किया। इन फिल्मों में उनकी भूमिकाओं को आज भी याद किया जाता है।

### लीड एक्टर बनने की ख्वाहिश धुंधली

फिल्मों में लगातार दोस्त या साइड रोल करने के बाद दीपक तिजोरी को अगस्त 1993 में रिलीज हुई फिल्म पहला नशा' में बतौर लीड एक्टर काम मिला। फिल्म में शाहरुख खान और आमिर खान जैसे नाम भी गेस्ट अपीयरेंस में थे। अच्छी स्टारकास्ट के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। इसी के साथ दीपक की लीड एक्टर बनने की ख्वाहिश धुंधली पड़ गई, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। एक्टिंग से हटकर उन्होंने फिल्म निर्देशन में भी किस्मत आजमाई।

## खबर संक्षेप

### शासकीय आईटीआई में दी गई यातायात नियमों की जानकारी



**हसौद।** हमर पुलिस हमर संग एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत गांव के शासकीय आई टी आई में कार्यक्रम आयोजित कर संस्था के प्रशिक्षणार्थियों को सड़क सुरक्षा साइबर एवं विधि की जानकारी थाना प्रभारी टी आई नरेन्द्र यादव एवं मेंजर और महिला आरक्षक स्वाती कुर्रे ने विस्तृत जानकारी देते हुए पुलिस को हितैशी बताते आमजनों का सहायता के लिए सदैव पुलिस बल के साथ मौजूद रहने की बात कही। इस अवसर पर संस्था के समस्त प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण अधिकारी पुष्पेन्द्र चन्द्रा, दौलत साहू, गीता यादव, उमेश बड़ा बबली बरेठ, रितुराज, मुकेश, अंगद कश्यप एवं समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

### डबरा मठ में धूमधाम से मनाया गया वराह अवतार जन्मोत्सव



**अकलतरा।** ग्राम कोटमीसोनार स्थित डबरा मठ में श्री हरि विष्णु भगवान के तीसरे अवतार वराह जन्मोत्सव का आयोजन धूमधाम एवं हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डबरा मत के महंत सर्वेश्वर दास महाराज अध्यक्ष अखिल भारतीय संत समिति छत्तीसगढ़ ने बताया कि हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, श्रीहरि विष्णु ने सृष्टि की रक्षा करने और दुष्टों का नाश करने के लिए कई अवतार लिए। भगवान विष्णु के 24 अवतारों में से 10 सबसे प्रमुख माने जाते हैं और इन्हीं में से एक है वराह अवतार। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को भगवान विष्णु ने वराह रूप लेकर पृथ्वी को हिरण्याक्ष से मुक्त करवाया था. इसी कारण यह दिन वराह जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मठ में आम चंदन अशोक कटहल का वृक्ष रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम का संचालन सुबोध थवाईत द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त ललित सोनी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर ओमप्रकाश साहू सामाजिक समरसता सह प्रमुख कोरबा विभाग, राम शंकर सोनी सहखंड संघ चालक अकलतरा, वरिष्ठ स्वयंसेवक केपी पांडे, लखेश्वर पटेल, दिलीप सोनी, अनूप पटेल, लल्लू कैवर्त, सोमेश दुबे,राकेश शर्मा, अंकित शुक्ला, आशीष सोनी, शिवम दुबे सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।


### तीन गांवों में 68 लाख से होगा नाली एवं सड़क निर्माण

**अकलतरा।** विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के अनुशंसा पर बलौदा विकासखंड के 2 एवं



अकलतरा विकासखंड के 1 कुल 03 गावों में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव-पथ योजना के तहत सी.सी.रोड सह नाली निर्माण को स्वीकृति प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के अंतर्गत अकलतरा विकासखंड के ग्राम पीपरसत्ती में 32 लाख रुपए की लागत से मेन रोड से नीम डीपरा की ओर सी.सी रोड सह नाली निर्माण एवं बलौदा विकासखंड के ग्राम-गतवा में मेन रोड से बस्ती की ओर सी.सी.रोड सह नाली निर्माण 18.69 लाख रुपए। की लागत व ग्राम-जर्वे में मुख्य मार्ग से हाई स्कूल की ओर सी सी रोड सह नाली निर्माण 18.09 लाख रूपए की लागत से बनाया जाएगा। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों की गति को मंद पड़ने नहीं दिया जाएगा एवं पूरी ऊर्जा व उत्साह से अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सुविधाओं में विस्तार कर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठने के लिए निर्बाध प्रयास किया जाएगा।

### केंद्रीय कनौजिया राठौर समाज के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई उमा



**बहेराडीह।** केंद्रीय कनौजिया राठौर समाज केंद्र पोरथा सक्ती द्वारा जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति श्रीमती उमा राजेंद्र राठौर को उपाध्यक्ष व ग्राम सिवनी से आशीष राठौर कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी को निर्वहन करने का दायित्व सौपा गया है। श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर ने उसे पूरी निष्ठा निष्पक्षता एवं ईमानदारी के साथ सामाजिक हित में कार्य करने का आश्वासन दिया। जिम्मेदारी मिलने उपरांत को श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर ने राठौर समाज संगठन के सभी प्रमुख को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें जो जिम्मेदारी समाज ने दी है उसे पूरी सक्रियता एवं निष्पक्ष पक्ष के साथ अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करेंगे। केंद्रीय कनौजिया राठौर समाज का संगठन मजबूती के साथ एवं समाज के अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति को भी संगठन के मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य करूंगी। श्रीमती राठौर सक्ती जिला में भाजपा से महिला मोर्चा में महामंत्री के साथ लगातार 2 बार जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुई हैं।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद हॉकी मैदान से हाई स्कूल मैदान तक फिटनेस रैली

# खेल जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार 29 अगस्त को प्रातः 7 बजे फिटनेस रैली मेजर ध्यानचंद हॉकी मैदान से प्रारंभ होकर कचहरी चौक होते हुए हाई स्कूल मैदान जांजगीर तक निकाली गई। कार्यक्रम के माध्यम से फिटनेस के साथ युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने का संदेश भी दिया गया।

फिटनेस रैली में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, जांजगीर-चांपा विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन यादव, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय, डीएफओ हिमांशु डोंगरे, पार्षदगण, खेल संघ के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने उपस्थित जनों को फिट इंडिया की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेलकूद से युवा पीढ़ी न केवल स्वस्थ रहती है, बल्कि उनमें अनुशासन और टीम भावना का भी विकास होता है। राष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर 29 से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। उन्होंने खिलाड़ियों और युवाओं से कहा कि वे खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले, राज्य और देश का नाम गौरवान्वित करें। इस दौरान सांसद श्रीमती जांगड़े ने सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रस्साकशी तथा हैंडबॉल, हॉकी खेल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता दीपक कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद, विधायक सहित अतिथियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल संघों के पदाधिकारियों को भी उनके योगदान और उपलब्धियों के लिए सम्मान प्रदान किया गया।



खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

#### आज व कल विविध खेल का होगा आयोजन

30 अगस्त को खेलो इंडिया सेंटर में हॉकी, डाईट में रस्साकसी, सीटी क्लब में वालीबाल, सेजेस हॉल जांजगीर में खेल से संबंधित विषयों पर वाद विवाद व फिटनेस टॉक, हाई स्कूल मैदान जांजगीर में फुटबाल व कराते का आयोजन किया जाएगा। 31 अगस्त को प्रातः 7.30 बजे शासकीय हाई स्कूल मैदान से कचहरी चौक, नेताजी चौक लिंक रोड होते हुए वापस शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर तक सायकल रैली एवं हसदेव पब्लिक स्कूल (लछनपुर) चांपा में अंडर 19 वर्ग शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### कन्या महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

**सक्ती।** नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय सक्ती में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बाल पासिंग, डॉस बॉल,रस्सा कसी,आदि खेलो का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बड़ी संख्या में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित



कर की गई। क्रीड़ाधिकारी कामिनी सिदार द्वारा जीवन में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला एवं प्राचार्य विजय देवांगन के द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस एवं जीवन में खेल के महत्व पर छात्रों का मार्गदर्शन किया। तत्पश्चात खेल प्रारंभ हुआ, जिसमें महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों विनोद खूंटे ,संजीव भारती,बनवाशीराम, ईश्वर पंकज, रमा पाठक, शशि कमलेश,रेणुका यादव, नीतू चौहान, राजलक्ष्मी सिंह, कमलेश्वरी चंद्रा, आशुतोष तिवारी, तुलाराम जायसवाल, रामराज चौहान, योगेश सिंह, कमल देवांगन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में का सक्रिय योगदान दिया। आयोजन के प्रति छात्रों में काफी उत्साह देखने को मिला।



### ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय में खो-खो क्रिकेट, बिडमैंटन और गोला फेंक

**अकलतरा।** श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. शिखा सिंह ने कहा कि खेल हमें सिर्फ जीतना ही नहीं सिखाते, बल्कि जीवन में हार को स्वीकार करना भी सिखाते हैं। जब हम खेलते हैं तो हमारे अंदर अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित होती है। सहा.प्राध्या.राहुल राठौर ने बताया कि खेल हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने में मदद करते हैं,और हमें सहयोग की भावना सिखाते हैं। बढ़ते उद्बोधन के क्रम में सहा.प्रा.श्वेता सिंह चंदेल ने छात्रों को खेलों में भाग लेने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। सहायक प्राध्यापक अरविंद कुमार मिरी ने राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामना देते हुए कहा खेलों में जो सीखा जाता है, वही जीवन में जीत दिलाता है। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में खो-खो,क्रिकेट, बिडमैंटन और गोला फेंक का आयोजन किया गया इसमें विद्यार्थीयों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. प्रतिमा रानी द्विवेदी, ओमप्रकाश सोनी, संजीव चौहान,संध्या सिंह, कमलकांत साहू,नवीन आदित्य, प्रभात कश्यप, नागेंद्र कुमार जांगड़े,अर्जुन दास मोहले,संजना भास्कर,सोनम साहू,श्रद्धा राठौर,भूपेन्द्र कुमार, चंद्ररुपा कश्यप,अशोक पाण्डेय, सुनीता पाण्डेय,पायल दास,हितेश्वरी कश्यप, रश्मि मरकाम, कृष्णकांत चंद्राकर,समरीन मिर्जा,मनीष गंधर्व,आकाश दास,नीरज निर्मलकर,बृजनंदन पटेल, द्वाशराम कश्यप,राजेश साहू, एवं छात्र छात्राओ के साथ साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे।

### लीनेस क्लब ने लोगों का आंख जांच करवाकर वितरित की दवा



**सक्ती।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स द्वारा अपने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट के नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों का नेत्र परीक्षण करवाकर उन्हें आई ड्रॉप, चश्मा वितरित किया गया। आंल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम -1संपदा सक्ती की डिसिट्रक्ट चेयरपर्सन लीनेस लता नायक ने अपने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट नेत्र परीक्षण के तहत नारायण सागर रोड में स्थित नीरज नेत्र परीक्षण केन्द्र में लोगों का नेत्र जांच करवाया और जरुरत अनुसार आई ड्रॉप, चश्मा दिया गया। साथ ही आंखों को सुरक्षित रखने का सुझाव दिया गया एवं मरने उपरांत नेत्रदान हेतु लोगों को जागरूक किया। विशेष सहयोग लीनेस मंजू जायसवाल ने किया। इस अवसर पर लीनेस अध्यक्ष अल्का कंवर डिस्ट्रिक्ट एक्जक्यूटिव आफिसर लीनेस शालू पाहवा, डिसट्रिक्ट प्रसासनिक सह सचिव अनीता सिंह, पूर्व अध्यक्ष विजया जायसवाल,रामकुवंरसाहू, मीरा देवांगन, विनीता जायसवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कक्षा अध्यापन को रोचक बनाने दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

कक्षा छठवीं के हिन्दी एवं गणित विषय के नवीन पाठ्य पुस्तक का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बी.आर.सी. के प्रशिक्षण हॉल में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ देवकांत द्विवेदी द्वारा नवीन पाठ्य पुस्तक हेतु आवश्यकता, उपयोग एवं

- नवीन पाठ्यपुस्तक पर आधारित विकासखंड स्तरीय पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित

महत्व पर प्रकाश डाला गया।

प्रशिक्षक सुनील कुमार यादव,श्रीमती अनामिका साहू और आशीष कुमार तिवारी द्वारा एनईपी 2020 , कक्षा 6वीं के पाठ्यपुस्तक के सभी प्रकरणों के उद्देश्य,गतिविधियों एवं सीखने के प्रतिफल पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। कक्षा 6 वीं में जुड़े तीन अतिरिक्त विषय कृति1, कौशलबोध और खेलयात्रा पर भी चर्चा किया गया। प्रशिक्षण में विकासखण्ड के कक्षा 6 वीं में गणित पढ़ाने वाले 58 शिक्षक सम्मिलित हुए। सभी शिक्षकों ने कक्षा अध्यापन के दौरान आने वाली कठिनाइयों एवं उनके समाधान के बारे में चर्चा किया साथ ही कक्षा अध्यापन को रोचक और आनंददायक बनाने हेतु विभिन्न गतिविधियों के बारे में जाना। प्रशिक्षण कार्यशाला में संजय शर्मा व्याख्याता डाइट जांजगीर ने वर्तमान परिस्थिति में शिक्षक की भूमिका,गुण एवं कर्तव्यों पर बात करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शैलेन्द्र सिंह बैस ने प्रशिक्षण के महत्व को समझाते हुए प्रशिक्षण कार्यशाला के अनुशासन एवं नियमों से सभी को अवगत कराया।हिन्दी के मास्टर ट्रेनर्स अतुल साहू, विनोद वैष्णव एवं आदित्य नारायण पांडेय द्वारा प्रशिक्षण विस्तार से दिया गया। अंतिम दिवस सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।



कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकगण एवं अन्य।

### कलेक्टर व सीईओ के आदेश की अवहेलना जांच से नदारद रहे पंचायत सचिव

**देवरी-सारागांव।** ग्राम पंचायत लछनपुर विकासखण्ड बम्हनीडीह के सचिव की मनमानी का मामला सामने ,आया है। आरोप है कि उन्होंने कलेक्टर एवं जनपद पंचायत सीईओ के आदेश का पालन नहीं किया और जांच में सहयोग से बचते रहे। शिकायतकर्ता लीलाधर राठौर ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर वर्ष 2020 से 2025 तक 14वें एवं 15वें वित्त, मूलभूत, डीएमएफ, मुख्यमंत्री समग्र विकास, रोजगार गारंटी, विधायक मद व सांसद मद सहित सभी हुए कार्यों का भौतिक सत्यापन कराने की मांग की थी। कलेक्टर ने आदेश देते हुए जनपद सीईओ को जांच हेतु निर्देशित किया। विकासखंड बम्हनीडीह के वरिष्ठ करारोपण अधिकारी श्याम कुमार सिदार ने जांच पंचनामा में उल्लेख किया है कि 18 व 25 अगस्त को सचिव ने कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। सचिव रिकॉर्ड लेने जनपद कार्यालय जाने का बहाना बनाकर ग्राम पंचायत लछनपुर में 12 बजे 4 बजे तक नहीं पहुंचे और जांच में सहयोग नहीं किया। जांच अधिकारी ने सचिव के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की है, बावजूद इसके अब तक कार्यवाही न होना ग्रामीणों के बीच सवाल खड़ा कर रहा है। उल्टा शिकायतकर्ता व पंचनामा में हस्ताक्षरकर्ताओं पर दबाव बनाए जाने की बात भी सामने आई है। इस संबंध में जनपद पंचायत बम्हनीडीह के सीईओ प्रज्ञा यादव का कहना है कि जानकारी मिली है। सचिव जांच में नहीं थे। जांच अधिकारी पंचनामा तैयार किए है । नियमानुसार कार्यवाही करेंगे ।

## स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद एवं योग के प्रति जागरूक होना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद-बिलारी

ग्राम पंचायत बिलारी में शुक्रवार को जिला आयुष विभाग के मार्गदर्शन में आयुष विभाग पामगढ़ द्वारा विकासखंड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के मुख्य अतिथि पामगढ़ जनपद सदस्य-श्रीमती पूर्णिमा साहू रहीं। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम के उप सरपंच मुकेश साहू व पूर्व जनपद सदस्य मिथलेश साव रहें। इस शिविर की अध्यक्षता डॉ. सुनंदा गोस्वामी (नोडल अधिकारी आयुष विभाग पामगढ़) ने किया।

- बिलारी में विकासखण्ड स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला आयोजित

कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम धनवंतरी भगवान की प्रतिमा पर पुष्प, दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि पूर्णिमा साहू ने स्वास्थ्य विभाग के इस शिविर का आभार धन्यवाद करते हुए ग्रामवासियों को आयुर्वेद का लाभ लेने को प्रेरित किया। तत्पश्चात शिविर में अनेक स्वास्थ्य समस्या लेकर पहुंचे ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परिक्षण कर आयुर्वेदिक औषधी वितरण किया गया। साथ ही नशा मुक्ति, स्वछता एवं घर घर आयुर्वेद का शपथ भी लिया गया ।इसी क्रम में ग्रामवासियों को आयुर्वेदिक काढ़ा वितरण भी किया गया। साथ ही योग प्रशिक्षकों के द्वारा स्वास्थ्य लाभ के लिये योगा अभ्यास भी ग्रामवासियों को बताया एवं उसके लाभ बताया गया। अंत में डॉ. सुनंदा गोस्वामी कार्यक्रम की समापन की घोषणा करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आयुर्वेद एवं योग के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है, आयुष विभाग क्षेत्र वासियों को हर संभव आयुर्वेद लाभ देने के लिये तत्पर हैं। आप चिकित्सालयों में आकर भी स्वास्थ्य लाभ लिया करें। शिविर को सफल बनाने में विकासखंड पामगढ़-आयुष विभाग के चिकित्सक डॉ. नीति पाटले, डॉ नीलिमा यादव, डॉ आकाश देवांगन, डॉ पायल शर्मा एवं मनीषा कंवर एवं समस्त कर्मचारी गण, योग प्रशिक्षक एवं बिलारी ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।




लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाते अतिथि।

## बच्चों, पालकों व महिलाओं ने किया पुस्तक वाचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वें वर्षगांठ पर छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार पूरे राज्य में सभी विभागों द्वारा धूमधाम से मनाया जाने का निर्णय लिया गया है।

**खास बात**
- पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में रजत जयंती समारोह का किया गया आयोजन

इसी परिपेक्ष्य में गुरुवार 28 अगस्त को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त बच्चों द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन पश्चात पुस्तक वाचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में शिक्षकों ने बच्चों को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना, उसकी संस्कृति, इतिहास एवं उपलब्धियों के विषय में जानकारी दी। तत्पश्चात बच्चों ने एक साथ पुस्तक वाचन किया। जिससे उनमें पठन-पाठन की आदत विकसित करने और ज्ञानवर्धन करने का उत्साह जागृत हुआ। कार्यक्रम में बच्चों, पालकों, साक्षर भारत से जुड़े सदस्यों जो साक्षरों, एसएमसी के पदाधिकारी व सदस्य एवं स्व सहायता महिला समूह जय मां संतोषी ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया और विद्यालय के मुस्कान पुस्तकालय के पठन-पाठन के महत्व को समझा।



पुस्तक वाचन करते बच्चे, अभिभावक व अन्य।

### श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन ब्यास आचार्य ने सुनाई रास-महारास की कथा

# रास पंचाध्याई भागवत के पंच प्राण : ललित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अग्रसेन भवन के सामने चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के षष्ठ दिवस श्री धाम वृंदावन के भागवत प्रवक्ता ललित वल्लभ महाराज ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत पूजन करवाया तो इंद्र ने क्रोधित होकर ब्रज मंडल में मूसलाधार वर्षा करवाई। भगवान श्री कृष्ण ने गिरिराज पर्वत उठाया और कहा आ जाओ गिरिराज की शरण में ऐसे ब्रज वासियों की रक्षा की।

कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए महाराज ने महारास वर्णन करते हुए करते हुए बताया कि रास पंचाध्याई भागवत के पंच प्राण है। रास पंचाध्याई के पठन, श्रवण से सहज ही वृंदावन की भक्ति प्राप्त हो जाती है रास के दो स्वरूप हैं नित्य और नैमित्तिक नित्य रास वह है जो आज भी वृंदावन में चल रहा है ,महारास कामलीला नहीं है बल्कि काम पर विजय प्राप्त करने वाली लीला है। कृष्ण के दो स्वरूप , वह साकार है वह निराकार है। साकार स्वरूप आज भी विद्यमान हैं, बृंदावनम परित्यज्य पदमेकम ना गच्छति,, नित्य स्वरूप कृष्ण आज भी वृंदावन से नहीं जाते। आचार्य श्री ने आगे बताया कि भगवान ने कुब्जा पर अनुग्रह ,मामा कंस का वध किया। गोपी उद्धव संवाद की सुंदर व्याख्या की, अवंतिकापुरी मैं विद्या अध्ययन करते हुए चौंसठ दिन में चौसठ विद्याओं को ग्रहण किया गुरु दक्षिणा में गुरु पुत्र को लाकर गुरु माता को दिया जो की मृत्यु को प्राप्त हो चुका था। कंस वध के पश्चात द्वारकापुरी का निर्माण कराया और द्वारकाधीश कहलाए द्वारका में भगवान ने रुक्मणी के साथ विवाह किया। विवाह में भगवान कृष्ण रुक्मिणी की झांकी सजाई गई भजन गीतों पर भक्त मग्न हो नाचने लगे।



उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा सुनाते ललित वल्लभ महाराज।

